आत्मरक्षा के गुर सीखने से बढ़ता है खुद पर भरोसा

नवम्बर 19, 2022 15:22 SELF DEFENCE लखनऊ

लखनऊ
जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज यहां म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला में करीब 350 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में निडरता की भावना पैदा करना और मानसिक शक्ति बढ़ाना था।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्ता भाटिया ने कहा कि लड़कियाँ आज हर क्षेत्र में अपना, परिवार का और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें ऐसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के माध्यम से हमें उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए तैयार करना है। बेटियां घर परिवार के मान सम्मान के लिए बहुत से अत्याचार सहन कर जाती हैं। इसके पीछे उनकी शारीरिक व मानसिक कमजोरी छिपी होती है। जिस दिन बेटियां शिक्षित हो आत्मरक्षा के तरीके सीख लेंगी, उस दिन वह हर अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब भी दे सकेंगी।

विद्यालय प्रभारी ने बताया कि यह एक अच्छा प्रयास है जिसके माध्यम से हर घर की बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगी और अवसर पड़ने पर अपने परिवार की भी रक्षा के लिए खड़ी होंगी। टीम ने ट्रेनिंग के संग पैदा होने वाली स्थितियों का हवाला देते हुए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाईं। प्रशिक्षकों का कहना था कि संकट के समय खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीकें बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें सुरक्षित महसूस कराती हैं।

इस अवसर पर सीएसआर जैक्सन ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकुमार अविषेक ने कहा कि जैक्सन हमेशा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने के लिए उत्सुक रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन ने हमें एक अवसर दिया है, कि हम मिशन आगे ले जाएं और बालिकाओं को सशक्त बनाये। होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या ने बताया कि यह मिशन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के हर सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चलता रहेगा।

कार्यक्रम में छात्राओं के संग ही अविषेक कुमार, मुदित कुमार सिंह, हितेंद्र कुमार करण, अनीता सरोज, रूबी यादव, शालिनी कनौजिया, शालिनी सिंह, राशिका, अंबुज, वंशिता, कोमल, कुलदीप सिंह, फजल रिज़वी, हिमांशु सिंह, अज़मी हुसैन और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

Like 0

‹ पिछली खबर

› अगली खबर

कर्नाटक के स्टार्टअप्स को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं देगा एचडीएफसी बैंक

बौद्ध मंदिरों को ब्राह्मण शासकों ने 'बड़े पैमाने पर नष्ट' किया: इतिहासकार डीएन झा

सम्बंधित खबर

अब यूपी में श्रद्धा जैसा केस, प्रेमिका के किये 6 टुकड़े

दिल्ली:दिल्ली के बाद यूपी में भी श्रद्धा वालकर जैसा हत्याकांड सामने आया है. घटना यूपी

सम्बंधित खबर

असम के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को बताया भगवान् राम

दिल्ली:एमसीडी चुनाव में प्रचार करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि

ताज़ा खबर

© 2020 Instant Khabar. All Right Reserved.

Google Play पर पाएं